• डीओआईटी की ओर से प्रदेश में संभाग स्तर पर आज सेकंड आई स्टार्ट वर्कशॉप कोटा यूनिवर्सिटी में होगी

कोटा में स्टार्ट-अप के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने की पहल, छोटा सा आइडिया भी बदल सकेगा जिंदगी

सिटी रिपोर्टर | कोटा

यदि आप स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स हो अथवा इनोवेटिव आइडिया की सोच रखते हैं तो कोटा में पहली बार सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से प्रदेश में संभाग स्तर पर दूसरी आई- स्टॉर्ट वर्कशॉप कोटा यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को शुरू होगी। इसमें अपने हुनर और इनोवेटिव आइडिया को बाहर लाने, स्वरोजगार वर्क और स्टार्टअप शुरू करने को लेकर एक्सपर्ट जानकारियां देंगे। यूथ को इसमें अपने इनावेटिव आइडिया पर लोन, अवार्ड सहित अन्य सुविधाएं भी मिल सकेंगी। वर्कशॉप को लेकर डीओआईटी जयपुर के संयुक्त निदेशक तपन कुमार ने बताया कि डीओआईटी के ऑनलाइन पोर्टल पर संबंधित आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश की यह दूसरी वर्कशॉप सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि यह राज्य सरकार की एक प्रमुख पहल है। इसका मकसद इनोवेटिव आइडिया को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर प्रदान करना और इनवेस्टमेंट की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इसमें अभी तक करीब प्रदेश के 23 हजार स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी सहित अन्य लोग जुड़ गए हैं। इसमें स्टूडेंट्स और अन्य अपने-अपने इनोवेटिव आइडिया लेकर आए हैं। इसमें चाय की पत्ती से फर्टिलाइजर बनाना, हॉस्पिटल के बेड को ट्रॉली के रूप में इस्तेमाल करना सहित अन्य शामिल है।

स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी के अलावा इनोवेटिव आइडिया वाले भाग ले सकेंगे

• चैलेंज फॉर चेंज : चैलेंज फॉर चेंज कार्यक्रम राज्य सरकार की ओर से शुरू किया गया है। इसमें युवाओं, कामकाजी प्रोफेशनल्स, उद्यमियों को अपने स्वंय के नए विचारों को के साथ आगे आने के लिए या सरकार की ओर से प्रस्तावित प्रोजेक्ट में परिवर्तन लाने के लिए एक पहल है। सबसे बड़ी बात है कि आई- स्टार्ट-राजस्थान कार्यक्रम के चैलेंज फॉर चेंज प्लेटफॉर्म के तहत शुरू की गई चुनौतियों में भाग लेंगे।

• बूट कैंप आयोजित : यहां पहले दिन कोटा यूनिवर्सिटी में बूट कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में काफी संख्या में स्टूडेंट्स के अलावा स्टॉर्ट-अप करने वाले शामिल हुए। यहां स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को स्टार्ट-अप संबंधित जानकारियां दी गई। यहां एक्सपर्ट ने युवाओं को बताया की वे स्टार्ट-अप के आइडिया को किस तरह धरातल पर ला सकते हैं।

इनसाइड स्टोरीः कोटा के इन युवाओं ने स्टार्ट-अप से बदली लोगों की लाइफ स्टाइल

• 7 महीने से इनोवेशन किया है और 38 लाख रुपए कमाए। इसमें टू-व्हीलर, फोर व्हीलर को पेट्रोल-डीजल की जगह बैट्री में कन्वर्ट किया है। अब ट्रक में इसका यूज करेंगे। इसमें एक रुपए में 5 किमी गाड़ी चलती है। पॉल्यूशन भी नहीं होता है। पूरे देश में इन व्हीकल को चेंज किया है। **- शुभम**

• कोटा में बाहर से आने वाले स्टूडेंट्स के लिए विशेष डिश की उपलब्धता की है। इसमें साउथ से लेकर सभी स्टेट की पसंदीदा तैयार करते हैं। इसका नाम क्लाउड किचन नाम दिया है। पांच शेफ और 10 का अलग से स्टॉफ रखा है। शुरूआत में 14 दिन में 30 हजार रुपए का मुनाफा हुआ है। **- कुनाल**



• शहर में बर्थडे-पार्टी सहित अन्य फंक्शन के लिए इंटीरियर डेकोरेशन को नए आइडिया के साथ विचार लाए हैं। इसमें हर घर में अथवा संबंधित जगह पर थ्री-डी थॉट के साथ अमेजिंग सिस्टम किया है। इसमें अलग-अलग मॉडल सहित अन्य व्यवस्थाएं होती है। **- प्रिंसु**

• आर्ट होम डेकोरेशन के वर्क को शुरू किया है। इसमें आर्ट फॉम में नया वर्क शुरू किया है। पेंटिंग्स से लेकर एंटीक शैली में दीवारों पर वर्क, मंडल आर्ट पर विशेष काम कर रही हूं। अभी डेंजिस्ट वर्क से इसमें पूरा समय देने लगी हूं। इसमें 500 से लेकर 50 हजार रुपए तक वर्क है। **- डॉ. तान्या चौहान**